तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

12 दल्लीराजहरा में एटक का छठवां राज्य सम्मेलन, श्रमिक ...

11 भाजपा ने मनाया 47वां स्थापना दिवस ध्वजारोहण ...





## खबर संक्षेप

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव आज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम डेंगरा पार (परिक्षेत्र कसहीकला) में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं



सामाजिक जागरूकता शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू करेंगे। आयोजन समिति के सचिव पीलू राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात मेडिकल कैम्प, आरती, ध्वजारोहण, अतिथियों का आगमन एवं स्वागत, उद्बोधन कार्यक्रम तथा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सायं 5 बजे किया जाएगा। इसके साथ ही पतंजलि योग परिवार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का भी समापन इस अवसर पर किया जाएगा। योग शिक्षक तीरथ अटल एवं पीलू राम साहू के सफल संचालन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### पेंशनर समाज की संयुक्त बैठक कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर एवं जिला पेंशनर समाज बालोद की संयुक्त बैठक 08 अप्रैल बुधवार को अपराह 12 बजे से पेंशनर भवन गुरुर में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर जिला–बालोद अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक मे आय–व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों की अभिनन्दन, सन 2026 के सदस्यता अभियान की समीक्षा, पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार, अप्रेल में जन्मदिवस वाले पेंशनरों का अभिनन्दन, सदस्यता फार्म भरवाना, पेंशनर समाज की गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सुझाव, जिलाध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव, दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### मजबूत नेतृत्व से बस्तर विकास की ओर अग्रसर: जायसवाल

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र



जायसवाल ने छत्तीसगढ़ सहित देश में नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मजबूत नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज बस्तर क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी नीतियों के चलते देश में आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का समग्र विकास बस्तर के विकास के बिना संभव नहीं है और अब क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर समस्या का समाधान संभव है, यदि सरकार का नेतृत्व मजबूत और रणनीतिक हो। राज्य सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं गृह मंत्री विजय शेष पेज 10 पर

# दल्लीराजहरा को स्वच्छ बनाने नगर पालिका सख्त, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाने की तैयारी कर ली है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सड़क, नाली और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा एवं सेनेटरी वेस्ट फेंकने वालों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

■ नागरिकों और व्यापारियों ने किया समर्थन

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके तहत शहर के सभी वार्डों में निगरानी बढ़ाई जाएगी और ऐसे स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां लोग अक्सर कचरा फेंकते हैं। अभियान शुरू होते ही उल्लंघन करने वालों पर तुरंत जुर्माना लगाने की व्यवस्था लागू की जाएगी। सीमा बक्शी ने कहा कि दल्लीराजहरा को "क्लीन और ग्रीन शहर" के रूप में विकसित करना प्राथमिकता है। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा या सेनेटरी वेस्ट फेंकते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता विभाग के अनुसार, घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था पहले से संचालित है, इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं।

## क्लीन और ग्रीन शहर बनाने की प्राथमिकता

### वेस्ट निपटाने की होगी व्यवस्था

विभाग अब ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए विशेष टीम गठित करेगा। साथ ही, सेनेटरी वेस्ट के सुरक्षित निपटान के लिए अलग से व्यवस्था मजबूत की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रस्तावित सख्ती का समर्थन किया है। रहवासियों का कहना है कि यदि कार्रवाई होती है, तो शहर में गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगेगी और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी। व्यापारियों ने भी कहा कि साफ-सुथरा वातावरण शहर की पहचान को मजबूत करता है। पर्यावरण से जुड़े लोगों का मानना है कि यह कदम समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को आदत बनाने के लिए नियमों का पालन जरूरी है और सख्ती से ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे।



### बीएमओ की अपील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने ने अपील की है कि नागरिक अभी से सतर्क हो जाएं और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। आने वाले दिनों में शुरू होने वाली कार्रवाई के तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दल्लीराजहरा को स्वच्छ और हरित शहर बनाने के लिए सामूहिक सहयोग अनिवार्य बताया गया है।

## मांग : स्थानीय ठेकेदार ने लिया था छल्ली और तौल का ठेका

# सतमरा धान खरीदी केंद्र से 675 बोरा धान गायब, जांच की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम सतमरा में धान उपार्जन केंद्र में बड़ी मात्रा में धान गायब होने की शिकायत सामने आया है। मामला उजागर होने के बाद प्रबंधक और तौलक एक दूसरे पर आरोप थोपते हुए नजर आ रहे हैं।

■ भौतिक सत्यापन में सामने आया बड़ा शॉर्टेज

जानकारी के मुताबिक गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सतमरा के धान खरीदी केंद्र का छल्ली और तौलाई का ठेका वहीं के ही रहने वाले दक्षराज साहू ने लिया था। कुछ दिन पहले जब धान का भौतिक सत्यापन किया गया तो उसमें मिलर शॉर्टेज एवं फड़ में कुल मिलाकर 675 बोरा धान कम पाया गया।

इधर धान शॉर्टेज का मामला सामने आने के बाद गुण्डरदेही ब्लॉक कांग्रेस कंचरु साहू सहित कांग्रेस दिनेश, डोमन, मोती, लेखराम, रोमन, बालमकून्द लामा कामन ठाकुर इन्द्र कुमार, ओमप्रकाश मिलाप सिन्काहा हिदायत, कार्यकर्ता गुण्डरदेही तहसीलदार एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीलदार कार्यालय मे ज्ञापन सौंपते हुए धान की चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष कचरु साहू ने कहा कि अगर सूखा शॉर्टेज की रिकवरी के लिए उक्त धान को उठाया गया है तो वापस करने की जरूरत नहीं। उन्होंने धान के शॉर्टेज को लेकर अधिकारियों की मिलीभगत से चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। धान खरीदी केंद्र से इतनी बड़ी मात्रा में धान गायब होने से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इतनी बड़ी मात्र में धान केंद्र से कैसे गायब हो गया। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि यह केवल एक व्यक्ति की गलती नहीं बल्कि एक संगठित भ्रष्टाचार हो सकता है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगना तय है। वही इस मामले पर पंचनामे पर गांव के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और गवाहों के हस्ताक्षर हैं।






### कैमरा बंद होने पर उठे सवाल

तौलक दक्षराज साहू की माने तो 15 फरवरी को ही सी सी कैमरा बंद था। जब समिति ऑपरेटर उन्होंने जानकारी मांगी तो बैलेंस नहीं होने के कारण बंद होने की बात कही। इधर मामला उजागर होने के बाद तौलक ने पंचनामा लिखकर अपनी गलती स्वीकार की है और आश्वासन दिया है कि वह तत्काल 300 कट्टा धान जमा करेगा और शेष 375 कट्टे व शॉर्टेज की राशि का भुगतान 15 दिनों के भीतर कर देगा।

### समिति ने धान का शॉर्टेज नहीं चढ़ाया

मामला उजागर होने के बाद धान खरीदी केंद्र समिति द्वारा किसानों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई और पंचनामा तैयार किया गया। वहीं तौलक दक्षराज का कहना है कि राइस मिल में धान भेजने के लिए जब उन्होंने 700 बोरी धान गाड़ी में करवाया तो 13 से 14 क्विंटल धान सॉल्टेज पाया गया। जिसकी पावती उन्होंने ली और समिति प्रबंधक को जानकारी दिया। लेकिन समिति की ओर से सॉल्टेज को नहीं चढ़ाया गया।

# पुरूर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा ट्रैक्टर चालक सहित दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

थाना पुरूर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना ग्राम जगतरा पुलिया के पास की है, प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि ट्रैक्टर टोल नाका से निकलने के बाद तेज गति से आगे बढ़ा था इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे आरोधक से टकराया, जिससे ट्रैक्टर पलट गया व घटना स्थल पर ही दोनो व्यक्ति की मौत हो गई।

■ जगतरा पुलिया के पास देर रात हुआ दर्दनाक हादसा

■ अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, फिर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

इसी दौरान जहां पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने भी ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, देर रात ग्राम डोकला थाना चारामा निवासी योगेश्वर साहू 32 वर्ष और देवेंद्र पाड़े 30 वर्ष ट्रैक्टर में झटका तार और पोल लेकर फागुनदाह गांव की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुरूर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और घटना की वास्तविक कारण पता करने व फरार वाहन चालक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# अचानक बदला मौसम हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में करीब साढ़े सात बजे मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश ने लोगों को चौंका दिया। सुबह उठते समय मौसम पूरी तरह साफ था, लेकिन देखते ही देखते आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं।

कुछ ही देर बाद बादलों की गर्जना के साथ तेज बारिश शुरू हो गई, जो लगभग आधे घंटे तक जारी रही। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया और पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी व लू से लोगों को राहत मिली। दिनभर सूर्य और बादलों के बीच लुकाछिपी का दौर चलता रहा, जिससे तापमान में



भी कमी दर्ज की गई। अन्य दिनों की तुलना में रविवार का दिन अपेक्षाकृत ठंडा रहा। गौरतलब है कि मौसम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई थी, जो नगर में सटीक साबित हुई।

# खेत में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुबह घर से निकले युवक का शव ग्राम के बाहर नहर किनारे खेत मे संदिग्ध अवस्था में मिला। मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

घटना गीते रविवार की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फागुनदाह निवासी हीरालाल साहू 42 वर्ष सुबह घर से निकला था, इसके बाद वे वापस घर नही लौटे थे। जहां दोपहर को खेत जा रहे एक ग्रामीण ने नहर के पास फागुनदाह से अकलवारा की ओर सिथत छोटे नहर पार खेत के पास उक्त व्यक्ति को जमीन में संदिग्ध अवस्था में गिरे हुए देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी अन्य लोगो को दी। जिसके बाद अन्य ग्रामीण इसकी जानकारी पाकर उक्त घटना स्थल पर पहुंचे तो व्यक्ति की मौत होने की जानकारी ग्रामीणो को हुई। ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

■ दोपहर में खेत जा रहे ग्रामीण ने देखा शव

■ पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट या अन्य कोई निशान नहीं पाए गए हैं। वहीं घटनास्थल पर कोई जहरीला पदार्थ या संदिग्ध सामग्री भी नहीं मिली है। समझा जा रहा है कि रविवार को इलाके में तेज चमक और बारिश भी हुई थी। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं बिजली गिरने से ही हीरालाल की मौत तो नहीं हुई। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# बुजुर्ग को पड़ा मिर्गी का दौरा, विधिक सेवा प्राधिकरण की तत्परता से मिला समय पर उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के दल्ली चौक क्षेत्र में ग्राम करहीभदर निवासी 68 वर्षीय केवल दास मानिकपुरी को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान मौके पर मौजूद विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

■ तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार केवल दास मानिकपुरी दल्ली चौक से गुजर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद प्राधिकरण की पहल पर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें मिर्गी



(एपिलेप्सी) का दौरा पड़ा था, जिसके कारण वे बेहोश होकर गिर गए थे। इस पूरी घटना को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की "असंगठित एवं कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं आपात सहायता" के अंतर्गत देखा जा रहा है।

नालसा के दिशा–निर्देशों के अनुसार बुजुर्ग, गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को न केवल कानूनी सलाह बल्कि जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता, चिकित्सा सहयोग एवं शेष पेज 10 पर

## भूमिहीन योजना, आवास, पेंशन और जॉब कार्ड की मांग

**विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने रखी मांगें**

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर की पवारा बाई ने



भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव के सरपंच ने गांव में विद्युत पोल सुधारने, ग्राम पिरीद के प्रीतम कुमार एवं नीना साहू ने जॉब कार्ड बनाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम चीचा की लक्ष्मी बाई एवं ग्राम सोरर की संजू बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा ग्राम खुंदनी के बंशीलाल ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# गुण्डरदेही सेवा सहकारी समिति में चना खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही मे सोमवार को चना खरीदी का शुभारंभ किया गया। जहां समिति ने पांच किसानो से 32 किंवटल 50 किलो चना खरीदी किया। इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी कोमल सोनकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, पूर्व जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, ईश्वर यादव, विनोद चंद्राकर, अमर साहू, कल्याण साहू, कृषि विस्तार अधिकारी नागवंशी, तिलक साहू, समिति प्रबंधक रामेश्वर सिन्हा व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दे कि सरकार समर्थन मूल्य मे चना 5875 रुपए, सरसों 6200, मसूर 7000 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। जहां किसानों ने राज्य सरकार को धन्यवाद प्रेषित किया वही गर्मी फसल के धान को भी समर्थन मूल्य मे खरीदने की मांग की गई।

■ पांच किसानों से 32 क्विंटल 50 किलो चना की खरीदी

## खबर संक्षेप



### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हस्ताक्षर अभियान शुरू

**गुण्डरदेही।** नगर स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत शनिवार को बैठक आयोजित किया गया। जिसमें महिला पुरुष गौ भक्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिसमें इस अभियान को गांव स्तर पर पहुंचाने हेतु 21 लोगों की समिति का गठन किया गया, जो गांव–गांव जाकर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे एवं 27 अप्रैल को तहसील कार्यालय में संकीर्तन करते हुए तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। उक्त बैठक में विशेष रूप से कौशल्या धाम जामड़ी के राष्ट्रीय गौ भक्त संत श्री रामबालक दास महात्यागी उपस्थित हुए जिन्होंने कहा गौ माता हम सबको सुख प्रदान करने वाली है, जिसके लिए साधु संत अपना प्राण न्योछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं, यह अभियान गौ माता को राजमाता का सम्मान दिलाने के लिए है, सरकार राम मंदिर, तीन तलाक, धारा 370 को हल किया है, तो उम्मीद है गौ माता के लिए भी कानून बनाएंगे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कसारिडीह वार्ड नंबर 44, मंदिर के पास दुर्ग निवासी छोटू सोनवानी के पास से 29 पाव देशी मदिरा मसाला और नगदी रकम 300 रुपए जप्त किया गया।

## पेज 9 के शेष

### बुजुर्ग को पड़ा मिर्गी ...

संरक्षण प्रदान किया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद, बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करना है। इस घटना में भी प्राधिकरण की सक्रियता के कारण समय पर उपचार मिल सका, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। अस्पताल में इलाज के दौरान भी विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि लगातार मरीज की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यकतानुसार आगे भी सहायता प्रदान की जाएगी। यह घटना दर्शाती है कि आपात स्थिति में संस्थाओं की सक्रिय भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है।

### मजबूत नेतृत्व से ...

शर्मा के नेतृत्व को भी प्रभावी बताया। साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में चलाए गए अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी नक्सलवाद के खिलाफ ठोस प्रयास किए गए थे। जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में चल रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप बस्तर क्षेत्र में शांति एवं विकास का माहौल बन रहा है, जो प्रदेश के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने इस उपलब्धि को भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय बताया।

---

**आयोजन : अतिरिक्त राहत मिलने की उम्मीद, मासिक बैठक में हुई चर्चा**

# पेंशनरों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत की आस, गौ संरक्षण के लिए 27 अप्रैल जुटने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारीपारा में डॉक्टर आरएम चावड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक तीजऊ राम सोनकर थे। विशेष अतिथि रजऊ राम, अंगद राम ठाकुर, लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी एवं फूलबाई विश्वकर्मा रहे। अतिथियों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात डॉक्टर डॉ आरएम चावड़ा ने प्रांतीय संगठन की गतिविधियों से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया कि इस माह छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेंशनरों को शीघ्र ही 3 प्रतिशत अतिरिक्त राहत राशि प्रदान कर दी जावेगी, क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारी एवं पेंशनरों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश 2 अप्रैल को जारी किया जा चुका है। बैठक में गौ सम्मान आवाहन अभियान को गति प्रदान करने के लिए आमंत्रित सदस्य विवेक पाटीदार, समीर गुप्ता, धर्मेंद्र आहूजा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के सभी राज्यों में गौ माता के संरक्षण हेतु उचित अनुदान मिले, जिससे उनकी





सेवा किया जा सके। दूसरा भारत से गौ हत्या पूरी तरह समाप्त होना चाहिए अर्थात गौ माता की सुरक्षा, तीसरा गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान प्राप्त हो। अतः आप सभी 27 अप्रैल को सरदार पटेल मैदान में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाए। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5 दिवसीय आध्यात्मिक मेला की जानकारी प्रदान करने हेतु भोप सिंह साहू उपस्थित हुए। उन्होंने शिव दर्शन के विशेष आकर्षण 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन, व्यसन मुक्त जीवन शैली, राजयोग से संबंधित जानकारी प्रदान की। घनश्याम सिंह कौमार्य द्वारा नशा मुक्ति के लिए स्वरचित कविता का पाठ किया। हेमलाल निषाद 85 वर्ष ने कृषि कार्य तथा गोपालन करने का अनुभव को पेंशनरों के साथ साझा किया। इस संबंध में संरक्षक डब्लूआर वानखेड़े ने भी अपने विचार व्यक्त किया। गत माह में जिन पेंशनर साथियों को दवाई उपलब्ध नहीं हुई थी उन्हें दवाई प्राप्त करने के लिए सूचित किया गया। आभार प्रदर्शन बीआर साहू ने किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, आईएन योगी, संरक्षक डब्लू आर वानखेडे, बीआर बेलसर, बीआर साहू, राजेंद्र साहू, जितेंद्र आर्य, अशोक कुमार चंद्राकर, सुरेंद्र ताम्रकार, शेषनारायण दुबे, आरके वर्मा, राजकुमार मारकंडे, केआर नेताम, कालूराम साहू, ताम्रध्वज निषाद, पवन सिंह सॉरी, मोहनलाल धुर्वे, हरिश्चंद्र साहू, कन्हैयालाल कौशिक, गंगा राम साहू, रामेश्वर लाल यादव, पीआर देशलहरे, जगदीश प्रसाद सोनेश्वर, जय सिंह ठाकुर, गोविंद राम, दशरथ कलिहारी, लखन प्रसाद तिवारी, गिरधर लाल साहू, रूपलाल साहू, विष्णु राम नेताम, पन्नालाल, डीडी साहू, फुल वाई विश्वकर्मा पुष्पा बाई, गीता हिरवानी, सावित्री साहू उपस्थित रहे।

---

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार वंदेमातरम की रचना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वंदे मातरम की ऐतिहासिक भूमिका एवं उसकी राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत के गायन से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर.के. देवांगन ने स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका को स्मरण करते हुए कहा कि यह गीत केवल एक रचना नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का मंत्र है। इसके उच्चारण से ऊर्जा और देशभक्ति की भावना का संचार होता है। उन्होंने बताया कि इसकी लोकप्रियता से अंग्रेज भी भयभीत थे और उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया, बावजूद इसके यह जनमानस में गहराई से बस गया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के निर्देशन में वंदे मातरम गीत पर आधारित लघु नृत्य-नाटिका की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रस्तुति के दौरान "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने वंदे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गीत आनंद मठ से लिया गया है, जिसकी रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। बाद में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में पहली बार गाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक नेहा साहू एवं गायत्री देवांगन ने भी वंदे मातरम से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन सहित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# आई गोट कर्मयोगी पोर्टल में सभी कर्मचारियों का ऑनबोर्डिंग अनिवार्यः कलेक्टर दिव्या



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को भारत सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के कार्यक्षमता, जवाबदेही और नागरिक केद्रित सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'आई गोट कर्मयोगी' पोर्टल में अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी–कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से ऑनबोर्डिंग कराने के निर्देश दिए।

- वार्षिक वेतन वृद्धि और एसीआर से जोड़ा गया आई–गोट कर्मयोगी पोर्टल

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचार्रियों के वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए उन्हें आई गोट कर्मयोगी पोर्टल में ऑनबोर्डिंग कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अधिकारी–कर्मचार्रियों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी इसकी जानकारी अंकित की जाएगी। मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को निर्धारित तिथि 15 अप्रैल के पूर्व आईगोट कर्मयोगी पोर्टल में अनिवार्य रूप से ऑनबोर्डिंग कराने को कहा।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नही किया जाएगा। कलेक्टर ने गुणवत्ताविहीन कार्य पाए जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में मिश्रा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले में मौजूदा शिक्षा सत्र से प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने फिलहाल दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 में बालक छात्रवास एवं विद्यालय का संचालन तथा बीएसपी स्कूल क्रमांक 30 में कन्या छात्रवास के संचालन हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं एसडीएम डौण्डी को समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मिश्रा ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में तेजी से घटते भूजल स्तर को देखते हुए किसी भी स्थिति में कृषि प्रायोजन हेतु बोर खनन के लिए अनुमति नही देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से शराब के अवैध बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले में जल संचयन, जन भागीदारी अभियान के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

---

# भोथीपार में हर्षोल्लास से मनाया कर्मा जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम भोथीपार में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस परिक्षेत्रीय कार्यक्रम में समाज के गौरव और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने की।

विशिष्ट अतिथियों में तहसील अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष झग्गड़ साहू सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा–अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने कहा कि मां कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी के साथ ही भक्ति और शक्ति का प्रतीक हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने में कर्मा महोत्सव की बड़ी भूमिका है। हमारी सरकार



तेलघानी बोर्ड के माध्यम से पारंपरिक व्यवसायों को पुनजर्एवित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समाज का हर वर्ग आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। आइए, हम सब मिलकर अपनी जड़ों से जुड़े रहें और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कर्मा महोत्सव हमारी सांस्कृतिक एकता का परिचायक है। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और हमारी युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं को जानने का अवसर मिलता है। जिला पंचायत के माध्यम से हम सदैव प्रयासरत हैं कि ग्रामीण



क्षेत्रें में बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ सांस्कृतिक धरोहरों का भी संरक्षण हो। तहसील अध्यक्ष मानसिंह सार्वा ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है और आज का यह विशाल समागम हमारी एकता का प्रमाण है। मां कर्मा के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हमें शिक्षा और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान देना होगा। परिक्षेत्रीय स्तर पर ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। मैं आयोजन समिति को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि हम भविष्य में भी इसी तरह संगठित होकर सामाजिक विकास के पक्ष में खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। परिक्षेत्र अध्यक्ष झग्गड़ साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, कौशल साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज नेतराम साहू, कार्यकारणी सदस्य परिक्षेत्र नीता साहू, संगठन सचिव उमाकांत साहू, जिला संयोजक प्रतिनिधि मिलन साहू, उद्घोषक बिशेश्वर साहू, ताराचंद साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

---

# देवरी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

भाजपा के देवरी मंडल द्वारा आयोजित "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026" के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन नर्मदा धाम, सुरसुली में संपन्न हुआ। शिविर में मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रभारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन एवं पंजीकरण के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजित सत्रों में टिनेश्वर बघेल ने कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता संभाल विषय पर मार्गदर्शन दिया, वहीं चेमन देशमुख भाजपा जिलाध्यक्ष ने बूथ प्रबंधन, टिफिन बैठक एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। संध्या समय

- ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत
- कार्य पद्धति और बूथ प्रबंधन पर मिला मार्गदर्शन



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः जागरण एवं संघ स्थान के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजित सत्रों में जितेन्द्र साहू ने इतिहास एवं विकास विषय पर प्रकाश डाला। हरीश कटझरे ने सोशल मीडिया, एआई नमो ऐप एवं सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। अश्वनी यादव ने कार्य विस्तार की रणनीति पर अपने विचार रखे। आगे के सत्रों में अभिषेक शुक्ला ने सरकार की उपलब्धियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं पवन साहू ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन की विचारधारा को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जिज्ञासा समाधान एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं एवं आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं के ज्ञान, कौशल एवं संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगठन ही शक्ति है के संदेश के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष परीक्षण महाअभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर, जनपद अध्यक्ष कांतिप्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य टूमन साहू, चित्ररेखा साहू, नरेश सोनी, दुलारी देवांगन, अनुपी भूआर्य, शोभित यादव, मंडल अध्यक्ष द्वय विवेक वैष्णव, सुरेश साहू, उपाध्यक्ष उत्तम साहू, रामलाल नायक, नेमीन साहू, उर्मिला साहू, नरेश साहू कोषाध्यक्ष, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, आई के पटेल, हेमंत साहू, मिथलेश तिवारी, जागृत देवांगन, भूनेश्वरी ठाकुर, यादराम सिन्हा, शुभम देशमुख, संतराम तारम, पुनिया ठाकुर, माया चंद्राकर, शुभम देवांगन, देवेन्द्र जोशी, देवेन्द्र सिन्हा, विष्णु मोहनमाला, चैतन्य निषाद, रामप्रसाद साहू, कमलेश साहू, संदीप बाजपेयी सहित मंडल कार्यकारणी, बुथ कमेटी अध्यक्ष, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, शाला समीति के अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महामंत्री सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

---

**परमात्मा शिव को बताया प्रकाश स्वरूप- बीके विजयलक्ष्मी**

# शिवदर्शन आध्यात्मिक मेले के तृतीय दिवस का हुआ उद्घाटन, युवाओं को अध्यात्म से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आमापारा बालोद द्वारा आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला के तृतीय दिवस का उद्घाटन सर्व समाज प्रमुख एवं युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सब इस्पेक्टर कमला यादव, जिलाध्यक्ष देवांगन समाज दीपक देवांगन, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, अध्यक्ष युवा जैन समाज रजत जैन, तुषार जैन, अध्यक्ष महेश्वरी समाज केशव मंत्री, अध्यक्ष महावीर गौशाला बालोद समीर गुप्ता, राहुल सोनी, अध्यक्ष योगी समाज भूपेन्द्र नाथ योगी, नर्मदा कोठारी, दुर्योधन यादव, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी साथ में बी.के. सरिता दीदी उपस्थित रहे। बीके. सरिता दीदी ने कहा कि बच्चों और बुजुर्गो को जोड़ने वाली



युवा ही एक अहम कड़ी होती है। बुजुर्गो का सहारा और बच्चों की नई उम्मीद क आधार युवा ही होते है। लेकिन इनका सही मार्ग का चुनाव करना अति आवश्यक है। क्योंकि हमारे युवा भाई–बहनें आज मार्ग भटक चुके है। इन्हें सही मार्ग में लाने के लिए अध्यात्म ही एक मात्र सहारा है।

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव अर्थात लाइट की प्रतिमा लाइट अर्थात प्रकाश अलग–अलग धर्मो में अलग नाम रखा है। लेकिन मुख्य रूप से अगर हम देखे तो जैसे इस शरीर को चलाने वाली शक्ति आत्मा लाइट है, प्रकाश है, जिसको हम चेतना कहते है, आत्मा कहते है स्पिरिट कहते है। एक प्रकाश पुंज कहते है। शास्त्रें में आत्मा को चमकता हुआ सितारा कहते है। ठीक ऐसे ही आत्मा का पिता जिसको हम पूरे विश्व भर में द्वादश ज्योतिर्लिंग के रूप में याद करते है। तोमन साहू ने कहा कि आज हम सभी यहां पर आध्यात्मिक मेले के माध्यम से अलौकिक आनंद की अनुभूति कर रहे है। परमपिता परमात्मा की उन शक्तियों को अनुभव कर रहे हैं। कमला यादव ने कहा कि यहां आकर बहुत ही अच्छी अनुभूति हुई। आत्मज्ञान की आवश्यकता सभी लोंगो को है, इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए, हमारी ब्रह्माकुमारी दीदीयां इतना प्रयास करती है क्योंकि बड़े सीखेंगे तो बच्चे भी सीखेंगे और हमारी पीढ़ी सही रास्ते पर आगे बढ़ सकेंगे। समीर गुप्ता ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम समाज को नई दिशा प्रदान करने वाला होता है। भूपेन्द्र नाथ योगी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज महिला नेतृत्व के साथ चलने वाली एक मात्र ऐसी संस्था है जो विश्व के 145 देशो में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करती है। केशव मंत्री ने कहा कि यह अध्यात्मिक मेला सच में बहुत ही आकर्षक है।

---

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज:गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस सोमवार 6 अप्रैल को भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही मे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण कर की गई। इसके पश्चात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजएॅ के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

- कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन मजबूत करने का संकल्प

कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने भाजपा के इतिहास और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पाटएॅ केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक विचार है। अंत्योदय के मंत्र के साथ हमने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जो श्राष्ट्र प्रथमश की नीति पर चलते हुए अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महामंत्री विनोद चंद्राकर, कोमल सोनकर, सौरभ चोपड़ा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, नीतीश राजा सोनकर, संतोषी साहू, छगन सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद, सेवक महिपाल, रविकांत सोनकर, सूरज यादव, रवि देवांगन सुरेश सोनी सहित बूथ के अध्यक्ष गण उपस्थित रहे जहां सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### ग्राम रजौली में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम रजौली में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा का ध्वज फहराया गया और पाटएँ की रीति–नीति पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पाटएँ आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग के बल पर यहाँ तक पहुंची है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को याद करते हुए कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी का झंडा फहराकर और भारत माता के जयकारों के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया गया और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। इस आयोजन में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच रजोली त्रयोदस मुकेश, मिलन साहू, गोविन्दा बघेल एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार का डर दिखाकर हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर में किराये के मकान में पीड़ित रहता है। रात में अज्ञात युवक द्वारा सिगरेट मांगने पर मना से आक्रोशित होकर आरोपी गाली-गलौज की गई। दोबारा विवाद करते हुए धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर आरोपी अटल आवास, नेहरू नगर, सुपेला निवासी आलोक रामटेके फरार हो गया। घटना में पीड़ित के पसली, दाहिने हाथ में चोट आई। अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की खोजबीन में जुटी रही। आरोपी की शिनाख्त कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी से धारदार हथियार जब्त किया गया।

## निधन

### कामिन बाई साहू

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन फुण्डा निवासी कामिन बाई साहू 60 वर्ष का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जहां स्वाजातिय बंधुओं सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उनकी अंतिम शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे ग्राम के वरिष्ठ एवं कांग्रेस बूथ अध्यक्ष बलदेव राम साहू के धर्मपत्नी थी एवं लेखराम साहू के माता थी।



## आयोजन

### सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित है भाजपा- चेमन

# भाजपा ने मनाया 47वां स्थापना दिवस ध्वजारोहण कर पितृ पुरुषों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपने 47वें स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। 6 से 12 अप्रैल तक आयोजित इन कार्यक्रमों की कड़ी में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने भाजपा कार्यालय में भाजपा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया।

■ स्थापना दिवस संकल्प का दिवस- नेताओं ने रखे विचार

इस दौरान जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, यज्ञदत्त शर्मा, पवनसाहू, विरेन्द्र साहू, राकेश छोटू यादव, जितेंद्र साहू ने भाजपा के पितृ पुरूषों के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर, नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

चेमन देशमुख ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। भारतीय जनता पाटएँ सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पाटएँ नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला संगठन–सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएँ और भारत को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने का संकल्प के सांथ लक्ष्य को अर्जित करेंगे। लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, जो अपने कार्यकर्ताओं के लगातार कठोर परिश्रम एवं हमारे पितृ पुरूषों के त्याग से संभव हुआ है। शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व के कारण ही पाटएँ आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है और छत्तीसगढ़ लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारा देश निरंतर प्रगति और विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समापन के साथ ही विकास की गति और तीव्र करेगी। वीरेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस न केवल पाटएँ के गौरवशाली इतिहास को याद करने का दिन है, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति पुनः समर्पित होने का संकल्प दिवस भी है। जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा यह दिन केवल एक संगठन की स्थापना नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और विचारधारा की महान यात्र का प्रतीक है। भाजपा सत्ता नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण का संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है।




जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कठोर परिश्रमी, निष्ठावान होता है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। पवन सोनबरसा, टिनेशवर बघेल, हरीश कटझरे, निशा योगी, प्रेम साहू, अकबर तिगाला, गुलशन साहू, रोहित साहू ने भी स्थापना दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। जुंगेरा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विनोद जैन, कमल पनपालिया, मोपेन्द्र साहू, संतोष कौशिक, दुर्जन साहू, रविन्द्र टेमरिया, भुवनेश्वरी चंद्राकर, संतोष चंद्राकार, कल्याण सोनवानी, पंकज चौधरी, अभिन्न यादव, फिरोज कुरैशी, टिक्कू यादव, रेवा राम सिंन्हा, दिनेश मेश्राम उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बालोद के तत्वाधान में एक भव्य, प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम का सफल आयोजन बालोद नगर में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न श्रेणी शिक्षाविद, प्रबुद्ध नागरिक, युवा, मातृशक्ति एवं स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील भाई कुलकणएँ के आतिथ्य में भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रारंभ में संघ के जिला कार्यवाह संतोष ने स्वागत उद्बोधन देते हुए उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

मुख्य वक्ता कुलकणएँ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत शताब्दी वर्षों से समाज में विशाल –ष्टि का निर्माण कर रहा है। देश के प्रत्येक क्षेत्र में संगठन, संस्कार एवं सेवा के माध्यम से राष्ट्र जागरण का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त, संगठित एवं संस्कारित समाज ही समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र का आधार होता है। उन्होंने बताया की संघ, स्वयंसेवकों में कर्तव्य जागरण का कार्य करती है, जिससे स्वयंसेवक स्वप्रेरणा से सामाज कल्याण, सेवा का कार्य करती है। श्री कुलकर्णी नें उपस्थित सज्जन शक्तियों से आह्वान किया की सामाज में व्याप्त गलत विमर्श को बदलने के लिए हम सब मिलकर सांथ आये। अपनी रूचि अनुरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न संगठन से जुड़े और राष्ट्र प्रथम के कार्य को आगे बढ़ाये। उक्त कार्यक्रम में जिले से 65 श्रेणी, 380 कार्यकर्ता व विभाग संघचालक राजेश ताम्रकार विभाग राजनांदगाव, जिला संघचालक राजेन्द्र राठी, सहजिला संघचालक राजेश्वरराव, विभाग बौद्धिक प्रमुख रुपेन्द्र सिन्हा, विभाग कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक निर्मल साहू, जिला सह कार्यवाह विनोद कुमार साहू, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख गोविंद साहू, जिला शरीरिक शिक्षण प्रमुख जितेन्द्र साहू, जिला गौ सेवा संयोजक योगेश्वर यादव, जिला सेवा प्रमुख छोटे लाल, जिला घुमतु कार्यप्रमुख मिथुन साहू, जिला सम्पर्क प्रमुख दीपक यादव, जिला व्यवस्था प्रमुख जितेंद्र भाई पटेल उपस्थित थे। आभार ज्ञापन संतोष दुबे नें किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के सांथ हुआ।








### औरी में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया

**जामगांव आर।** ग्राम औरी में वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान सिंह चंद्राकर, सुप्रिया साहू के नेतृत्व में भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस गांधी चौक में मनाया गया। भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा की सफलतम यात्र को एक दूसरे में शेयर किए। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान सिंह चंद्राकर ने कहा कि कष्टों के अंबार से निकलकर भाजपा नेताओं ने अग्निपरीक्षा दी तब ऊंचाइयों पर पहुंचकर देश हित में ऐसी सेवा दे रहे है, जो स्वर्णिम इतिहास लिख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर दृष्टि पक्का इरादा ने विश्व में भारत का परचम लहराया है। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस औरी मे मंडल उपाध्यक्ष भानुप्रिया साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सरकारी समिति चंद्रिका चंद्राकर, संतु साहू, पहलाद साहू, विशाल चंद्राकर, दुर्गेश यादव, गजानन चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्र समस्त ग्रामीण उपस्थित हुए।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जामगांव आर में मंडल स्तरीय समारोह

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वर्ष पूर्ण होने पर जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय 47 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन अटल चौक बेलहारी में किया गया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू थे। भाजपा के आधार प्रेरणा स्त्रेत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखजएँ, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्य स्मरण कर समारोह प्रारंभ किया गया।

■ पूर्व विधायक डॉ. दयाराम रहे मुख्य अतिथि, कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया

डॉ दयाराम साहू ने कहा कि भारतीय जनता पाटएँ केवल और केवल राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है। भाजपा राष्ट्र के अंतिम छोर में जीवन यापन करने वालो की हित चिंतक है। भाजपा के इस राष्ट्र यज्ञ में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता शामिल होकर गौरवांवित महसूस करते है। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और यह शक्ति कार्यकर्ताओं से संकलित होती है, प्रधानमंत्री के नरेंद्र मोदी नेतृत्व में भारत माता को परम वैभव दिलाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और भाजपा देश के विकास के लिए युवाओं पर फोकस कर रही है, युवा परिपक्वता के साथ अपनी ऊर्जा का उपयोग करते हुए देश हित के लिए भाजपा को सशक्त बनाने में समर्पित योगदान दे।यह समय की मांग है। जामगांव आर, निपानी आदि ग्रामों में बूथ स्तर पर भी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ।



भाजपा के जन्म काल से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू और कन्हैयालाल साहू ने कहा कि भाजपा के बचपन, जवानी और अब परिपक्वता के साथ राष्ट्र के विकास में भागीदार बनते देखने का सुखद अनुभव हो रहा है। प्रधानमंत्री जैसे राष्ट्र संत ने विश्व में भारत का मान बढ़ाया यह ऐतिहासिक गौरव की बात है। अटल चौक जामगांव आर भाजपा स्थापना काल के भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला, सेजस समिति अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, वरिष्ठ नेता कोमल साहू, मनीष जैन, मुकेश साहू सीताराम साहू उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में बूथ अध्यक्ष भाजपा बेल्हारी रामसिंह बंसोड, अध्यक्ष भाजयुमो लुभम बंछोर, मनीष चंद्राकर, अभयराम ठाकुर, नेतराम निषाद, रूपसिंह सिन्हा, प्रमोद जैन, यादमल गोलछा, महेश साहू, अभिषेक सेन, भेनकुमार चंद्राकर, पूनेंद्र सिन्हा, गजेंद्र साहू, सुरेश बंछोर, दुर्गेश रजक, परमेश्वर चक्रधारी, नरोत्तम निषाद, देवप्रकाश चक्रधारी, राजेश बंछोर, प्रमोद ठाकुर, चुन्नीलाल, नरेंद्र धरमगुड़ी, महेश समारोह में शामिल हुए।

## बूथ कमेटी गठन पर कांग्रेस की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा के निर्देशानुसार वनांचल के रेंगाडबरी एवं मंगचुआ मंडलों की संयुक्त समीक्षा बैठक ग्राम मंगचुआ में आयोजित की गई। बैठक में रेंगाडबरी मंडल के रेंगाडबरी व अरजपुरी सेक्टर तथा मंगचुआ मंडल के मंगचुआ व करेंगांव सेक्टर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर सशक्त कमेटियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय, समर्पित एवं जिम्मेदार टीम तैयार करने पर जोर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने कहा कि बूथ संगठन की रीढ़ होता है और मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संगठन विस्तार और बूथ सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

■ संगठन सृजन अभियान के तहत हुई बैठक

### ये रहे उपस्थित

बैठक में भोलाराम देशमुख, राजाराम तारम, गोविंद चंद्राकर, दामेश्वर प्रसाद, भूपेंद्र साहू, मूलचंद शर्मा, लोकनाथ निषाद, रवि साहू, गणेश रात्रे, झुमुक परसाई, तुलाराम नायक, देवनारायण भंडारी, कैलाश बारला, फूलचंद भुआर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## रिसामा में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम



**अंडा।** रिसामा ग्राम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण के रूप में बाल आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता एवं सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि बाल आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना तथा उन्हें रामायण, गीता, भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों कक्षा 6वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 10वीं में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे कक्षा 6वीं से 8वीं वर्गः प्रथम मोहित साहू, द्वितीय यामिनी ठाकुर, तृतीय तान्या निर्मलकर। कक्षा 9वीं से 10वीं वर्ग प्रथम खनक चंद्राकर, द्वितीय अंजली साहू, तृतीय लोकेश्वरी साहू रही। सायंकाल आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की। इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विधिवत पूजन, हवन एवं आरती भी संपन्न हुई।

## केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर में 6 अप्रैल सोमवार को आयोजित केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा के दौरान गरिमामय वातावरण में केंद्र अध्यक्ष चुन्नीलाल नेताम का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

■ निष्पक्ष एवं अनुशासित परीक्षा पर दिया जोर, केंद्र अध्यक्ष का भव्य स्वागत

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य होमलाल पटेल एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा केंद्राध्यक्ष को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत के इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा के सफल संचालन की कामना की। केंद्राध्यक्ष नेताम ने परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परीक्षा में अनुशासन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उनके मार्गदर्शन में परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ रूप से संचालित होती नजर आईं।



विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के लिए शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया गया, जिससे परीक्षार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लिया। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया अत्यंत सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होती देखी गई, जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर परीक्षा को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की पहल

# निकुम में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में आज एच.पी.वी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया।

यह अभियान मुख्य चिकित्सा अधिकारी दुर्ग एवं जिला टीकाकरण अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी दुर्ग (निकुम) के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत निकुम के सरपंच श्री भागवत राम पटेल के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रथम टीका ग्राम निकुम की बालिका पायल यादव को लगाया गया।



इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे, जिनमें जी.आर. भूआर्य (खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी), तृप्ति तिवारी (आरएमए), तुलसी राम यादव (सुपरवाइजर), उषा देशमुख एवं ललिता वर्मा (महिला सुपरवाइजर), जेस्सी चेरियन एवं सीमा नागवंशी (स्टाफ नर्स), यामिनी नेताम (फार्मासिस्ट), रेखा निर्मलकर (आरएचओ), ओमप्रकाश यादव (जेएसए) तथा ललिता साहू (मितानिन ब्लॉक समन्वयक) सहित ग्राम के सभी मितानिन उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि एच. पी.वी.वैक्सीनेशन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एक प्रभावी उपाय है। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को कम किया जा सके।

## जमरूवा में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वां स्थापना दिवस के अवसर पर आज ग्राम जमरूवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी का ध्वज फहराया। संगठन की मजबूती पर चर्चा की। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान पाटएँ के वरिष्ठ और सक्रिय सदस्यों ने बीजेपी की विचारधारा और जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित चेतन साहू ने कहा कि पार्टी आज जिस मुकाम पर है, वह कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम और निष्ठा का परिणाम है। वही कार्यक्रम में चेतन साहू, उद्योराम सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, कमलेश साहू, चोवा राम साहू, कार्तिक साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर पाटएँ को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का प्रण लिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### देहदान, नेत्रदान व त्वचादान का भरा संकल्प पत्र

दुर्ग। बीएसपी से सेवानिवृत्त राकेश कुमार चौकसे ने देहदान, नेत्रदान एवं त्वचादान का संकल्प पत्र भरकर अपनी वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को सौंपी। इस अवसर पर उनकी पत्नी पुष्पलता चौकसे ने उनके इस निर्णय सहमति प्रदान की एवं साक्षी बनीं। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री चौकसे के इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। राकेश कुमार चौकसे ने बताया कि उनकी कई वर्षों से यह इच्छा थी कि उनके निधन के बाद उनका शरीर समाज के कल्याण के लिए उपयोगी हो। नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से उनकी यह इच्छा पूर्ण हुई। उन्होंने कहा कि उनके देहदान से मेडिकल छात्रों को अध्ययन एवं शोध कार्य में सहायता मिलेगी, साथ ही उनके नेत्रदान से दो व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी तथा त्वचादान से सेक्टर-9 अस्पताल के मरीजों को लाभ मिल सकेगा। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य उज्वल पींचा ने बताया कि संस्था लगातार नेत्रदान, देहदान एवं रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन के अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, प्रभुदयाल उजाला आदि मौजूद थे।

### रिक्त भूखण्डों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी

दुर्ग। गोकुल नगर योजना, पुलगांव स्थित रिक्त भूखण्डों के आबंटन के लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में इच्छुक आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त सभी आवेदनों के आधार पर आवेदकों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसे नगर पालिक निगम कार्यालय के सूचना पटल पर सार्वजनिक रूप से चस्पा कर दिया गया। उक्त सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की त्रुटि, आपत्ति या दावा होने की स्थिति में संबंधित आवेदक या नागरिक 10 अप्रैल तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मछुआरा संघ के बिरेंद्र बने मीडिया प्रभारी

दुर्ग। राष्ट्रीय मछुआरा संघ ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के 90 विधानसभा के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष सहित प्रदेश संगठन के कई पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। जिसमें बिरेंद्र कुमार निषाद को प्रदेश मीडिया प्रभारी संयोजक बनाया गया है। बिरेंद्र कुमार निषाद मछुआरा समाज में सबसे सक्रिय कार्यकर्ता है और अनुभवी हैं। ग्राम कोटनी निवासी है वे वर्तमान में निषाद समाज के दुर्ग जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा में कार्यरत हैं। पूर्व में राष्ट्रीय संगठन में मीडिया प्रभारी एवं संगठन मंत्री युवा मोर्चा के पदों पर कार्य कर चुके हैं। मछुआरा संघ कश्यप, कहार, निषाद, भोई, मांझी और इससे जुड़े मछुआरा समुदायों को सक्रियता बढ़ाने का काम करता है।

**सम्मेलन**

**एटक के राज्य सम्मेलन में सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार**

# दल्लीराजहरा में एटक का छठवां राज्य सम्मेलन, श्रमिक एकता का दिखा दम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में 4 और 5 अप्रैल 2026 को आयोजित अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का छठवां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मेलन ऐतिहासिक और ऊर्जावान माहौल में संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस सम्मेलन में प्रदेशभर से आए हजारों मजदूर प्रतिनिधियों ने भाग लेकर श्रमिक एकता और अधिकारों की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य बाइक रैली और आमसभा के साथ हुई, जिसने पूरे शहर को मजदूर आंदोलन के रंग में रंग दिया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर शामिल हुईं, जबकि विशेष अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष आरडीसीपी राव और महासचिव हरिनाथ सिंह मौजूद रहे। संयुक्त खदान मजदूर संघ के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। मानपुर चौक से निकली रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यूनियन कार्यालय पहुंची, जहां विशाल आमसभा का आयोजन हुआ।

अपने संबोधन में अमरजीत कौर ने मजदूरों की भूमिका को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान और मजदूर ही देश के असली निर्माता हैं, लेकिन आज वही वर्ग सबसे ज्यादा उपेक्षित है। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और श्रम कानूनों में बदलाव को मजदूरों के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि नए लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने की दिशा में बड़ा कदम हैं, जिसका देशभर में विरोध जरूरी है। संयुक्त खदान मजदूर संघ के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने कहा कि चार श्रम कोड मजदूरों के मौजूदा अधिकारों को खत्म कर देंगे और सामाजिक सुरक्षा पर भी संकट खड़ा करेंगे।

- **मजदूर देश की रीढ़, अधिकारों पर खतरा – अमरजीत कौर**

उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश महासचिव हरिनाथ सिंह ने रसोइयों और असंगठित मजदूरों की स्थिति का जिक्र करते हुए सरकार पर उनकी अनदेखी का आरोप लगाया।

प्रदेश संयुक्त खदान मजदूर संघ के महासचिव राजेश संधू ने सरकार की नीतियों को पूंजीपतियों के पक्ष में बताते हुए कहा कि मजदूरों को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा। कन्हैया लाल ने भी युवाओं को आंदोलन से जोड़ने और एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत पर जोर दिया। दूसरे दिन सम्मेलन की शुरुआत झंडारोहण और शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुई। प्रतिनिधि सत्र में खदान, उद्योग और असंगठित क्षेत्रों से जुड़े मजदूरों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। अमरजीत कौर ने खदानों में कार्यरत मजदूरों के वेतन समझौतों को लागू कराने और ठेका श्रमिकों के लिए समान वेतन व सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने आंगनवाड़ी, मितानिन और मध्यान भोजन कर्मियों को संगठित कर उनके अधिकारों की लड़ाई को तेज करने की बात कही। सम्मेलन के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और भविष्य की रणनीति पर सुझाव दिए। श्रमिक हितों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा और समान वेतन जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

सम्मेलन के समापन सत्र में नए प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कमलजीत सिंह मान, महासचिव हरिनाथ सिंह, उप महासचिव राजेश संधू सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। अंत में कमलजीत सिंह मान ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन की सफलता को मजदूर एकता की बड़ी जीत बताया।

यह सम्मेलन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि आने वाले समय में मजदूर आंदोलनों की दिशा और दशा तय करने वाला भी साबित होगा। दल्लीराजहरा की धरती ने एक बार फिर यह साबित किया कि जब मजदूर एकजुट होते हैं, तो बड़े बदलाव की नींव रखी जाती है।

## भोथीपार में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम भोथीपार में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का भव्य आगाज भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना के साथ हुआ। इसके बाद 16 गांवों से आईं माताओं और बहनों ने भव्य कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। माता कर्मा के तैलचित्र की विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद मुख्य समारोह की शुरुआत हुई।

- **मूर्ति स्थापना और भव्य कलश यात्रा से हुआ आगाज**



इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए 16 गांवों के ग्रामीण अध्यक्षों और प्रतिभावान छात्र–छात्रओं का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। वहीं समाज के नन्हे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी जयंतियां केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के उत्थान और समरसता पर चर्चा का मंच हैं। उन्होंने बताया कि अब समाज राजिम जयंती, वीर भामाशाह जयंती और भानेश्वरी माता जयंती जैसे आयोजनों से अपनी जड़ों से जुड़ रहा है। साथ ही, उन्होंने तेलघानी बोर्ड और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मानसिंह सार्वा, तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, ज्ञानेश्वर साहू, लेखराम साहू, खोमलाल साहू, रागिनी साहू, वर्षा साहू, सत्यवती साहू सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर अध्यक्ष झग्गर साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बिशेश्वर साहू और गोपीराम साहू ने किया।

आयोजन को सफल बनाने में कुंजलाल साहू, लता साहू, उमाकांत साहू, योगिता साहू, कुशल राम साहू, डिलेश्वर साहू, हिमेन्द्र साहू, थानेश्वर साहू, मोजीराम साहू, उत्तम साहू, लोकनाथ दावना, नीता साहू, मिलन साहू, सुनीता साहू, ताराचंद साहू, मंशाराम साहू, सुफल कुल्हारे, राम खिलावन साहू, शोभाराम साहू, अन्जुराम साहू, नेतराम साहू, परदेशीराम साहू का अमूल्य योगदान रहा।

## हर्ष उल्लास से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय संगठन के आव्हान पर पूरे भारत देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक भाजपा का स्थापना दिवस 06 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाया गया इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा के तत्वाधान में मण्डल मुख्यालय में स्थित भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर लोगों को मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई व अटल बिहारी जी की प्रतिमा के पास स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देकर खुशी जाहिर किया,

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, शास एकलव्य महाविद्यालय अध्यक्ष जसराज शर्मा, महामंत्री द्वय सुमेंद्र देशमुख दुष्यंत गिरी पूर्व जिला मंत्री जयेश ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष संदीप जैन, लता गुप्ता मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, पार्षद ममता यादव, रेवती कोलियारे, सूर्य कला ठाकुर, शोभा राजपूत, धीरेंद्र टॉक, भाजपा नेत्री माया ठाकुर, आरती संचेती, प्यारेलाल निषाद, उत्तम मालेकर, संदीप भंसाली, दिलीप बाफना, थानेश्वर यादव, भीषम देशमुख, जीवरखन कौमार्य, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र गायकवाड, धीरज जैन, सुरेश देवांगन, गोविंद टांक सहित मंडल के ज्येष्ठ श्रेष्ठ

## कुसुम की खेती बनी किसानों के लिए नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम अंडी के किसान पल्टन राम पटेल ने अपनी कृषि भूमि में कुसुम की फसल लेकर नई मिसाल पेश की है। लगभग चार माह पूर्व बोई गई इस फसल में इन दिनों बड़ी मात्रा में आकर्षक फूल खिले हुए हैं, जो दूर से ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

- **एक हेक्टेयर में लहलहाई आकर्षक कुसुम फसल**
- **कृषि विभाग की सलाह पर अपनाई नई खेती**



राहगीर भी फसल को देखकर रुकने को मजबूर हो जाते हैं। किसान पल्टन राम पटेल ने बताया कि धान की फसल के बाद वे चरोटा लगाने की योजना बना रहे थे, लेकिन कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उन्होंने कुसुम की खेती अपनाई। विभाग द्वारा उन्हें बीज भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने एक हेक्टेयर में लगभग 25 किलोग्राम बीज का उपयोग किया। इस फसल में अधिक खाद और पानी की आवश्यकता नहीं होती, सीमित संसाधनों में ही फसल अच्छी तरह तैयार हो रही है।

उन्होंने बताया कि कुसुम के पौधों में कांटे होने के कारण मवेशियों द्वारा फसल को नुकसान नहीं पहुंचाया जाता, जिससे किसानों को सुरक्षा की चिंता कम रहती है। साथ ही फसल तैयार होने पर कृषि विभाग द्वारा इसकी खरीदी भी की जाती है, जिससे किसानों को अच्छा आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। ग्राम अंडी में इस फसल की सफलता को देखकर अन्य किसान भी आगामी वर्ष में कुसुम की खेती करने की योजना बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में मवेशियों द्वारा फसल नुकसान की समस्या के चलते खरीफ के बाद किसान फसल लेने से बचते हैं, ऐसे में कुसुम की खेती उनके लिए लाभकारी विकल्प साबित हो सकती है।

## राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करना राज्य शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप प्राप्त राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- **समय सीमा से बाहर प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण पर जोर**



कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित जिले के राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से आयोजित राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की बारी–बारी से समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने अविवादित–विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वृक्ष कटाई की अनुमति, अभिलेख शुद्धता सहित राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु आयोजित की जाने वाली शिविर तथा इस दौरान निराकृत किए जाने वाले राजस्व संबंधी प्रकरणों की जानकारी आम जनता तक अनिवार्य रूप से पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को तीन चरणों में आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा का समुचित प्रचार–प्रसार भी कराने को कहा। मिश्रा ने अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिविरों में बी–1 खसरा, नक्शा आदि का अनिवार्य रूप से वितरण कराने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने राजस्व पखवाड़ा के दौरान अविवादित नामांतरण, अविभाजित खाता विभाजन के समय–सीमा के बाहर प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के अलावा सीमांकन तथा ग्रामीण एंव नगरीय क्षेत्रें में व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई के समय–सीमा के बाहर प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने नक्शा बटांकन की प्रगति सुनिश्चित करने, भू–स्वामी के खाते में आधार, मोबाईल नंबर, किसान किताब एवं जेंडर की प्रविष्टि शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों के अंतर्गत फौती नामांतरण एवं बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार के प्रकरणों का ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारियों द्वारा प्रतिवेदन पंचनामा सूची की प्रविष्टि एवं नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिली कराने एवं कार्य योजना में शामिल कराने के निर्देश दिए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक